हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 23 मई 2025

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

15 यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर ...



16 कलेक्टर साहब, सदर मार्ग के जाम से मुक्ति दिलाएं



## खबर संक्षेप

### प्रायोगिक परीक्षा 24 को

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास कालेज में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर माइक्रोबायोलाजी एसईसी की प्रायोगिक परीक्षा 24 मई को प्रातः 11 बजे होगी। परीक्षार्थी समय से आधा घंटा पूर्व विभाग में प्रायोगिक फाइल, लेखन सामाग्री एवं लैब कोट के साथ उपस्थित होंगे। उपस्थित नहीं होने पर जवाबदारी स्वयं छात्र-छात्राओं की होगी।

### छग आदिवासी नगारची समाज की बैठक 25 को

**अंवरी।** छत्तीसगढ़ आदिवासी नगारची समाज के प्रदेश महासचिव ललित नगारची ने बताया कि 25 मई रविवार को सुबह 11 बजे आदिवासी सामुदायिक भवन कुरूद में बैठक रखी गई है जिसमें 14 एवं 15 जून को आयोजित महासम्मेलन महासभा पर चर्चा की जाएगी। श्री नगारची ने समाजजनों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्र जीतू का चयन

**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटकेशर के छात्र जीतू पिता राजेश मड़ामे का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 में हुआ है।



मार्गदर्शक शिक्षक धर्मेन्द्र साहू ने बताया कि इस परीक्षा में चयन होने पर चयनित छात्र-छात्राओं को कक्षा 9वीं से 12वीं तक शासन द्वारा हर महीने 1000 रूपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। प्राचार्य राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ व्याख्याता रामानंद साहू, अनिता घोरपडे, घनश्याम सिंह साहू, ओमप्रकाश नाग अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस 31 को

**धमतरी।** धूम्रपान और नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से हर साल की तरह इस साल भी 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान तम्बाकू के दुष्प्रभाव पर विभिन्न विभागों, प्रतिष्ठित नागरिकों, भारतमाता वाहिनी के सहयोग से चर्चा और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, आकाशवाणी, दूरदर्शन से प्रेरक नाटक, गीत, परिचर्चा आदि का प्रसारण भी किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नशापान से होने वाले दुष्परिणामों पर केन्द्रित व्याख्यान, चित्रकला, गीत, नृत्य, नाटक, प्रतियोगिताएं और मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी, सांकृतिक कार्यक्रम तथा नशामुक्ति साहित्यों का वितरण किया जाएगा।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक व्यक्ति ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम परखंदा निवासी महेंद्र पटेल पिता रिखीराम उम्र 40 वर्ष की मानसिक स्थिति सप्ताह भर से ठीक नहीं थी। इस कारण वह शराब का सेवन कर रहा था। बीते 13 मई को दोपहर उसकी पत्नी पड़ोसी के घर बैठने चली गई थी। पुत्र विक्रम पटेल किसी काम से धमतरी आया था। महेंद्र घर पर अकेला था। इसी दौरान युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। पत्नी जब घर लौटी तब उसे घटना की जानकारी हुई। बेटे को फोन पर घटना की जानकारी देकर अन्य लोगों की मदद से पति को उपचार के लिए कुरूद अस्पताल ले गए। जहां से रिफर करने पर उसे मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बुधवार की शाम उसकी मौत हो गई। चौकी पुलिस ने गुरुवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### जिला स्तर पर ई-ऑफिस का काम लगभग कम्पलीट, राजधानी में अटका है काम

# कलम घिस रहे अधिकारी और लिपिक ई-ऑफिस सिस्टम अब तक लागू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ई-ऑफिस की टाइमलाइन समाप्त हो गई है, लेकिन अब तक अधिकारी से लेकर लिपिक कलम घिसकर काम कर रहे हैं। फाइलों का लेनदेन भी मैनुअली ही हो रहा है। जिला स्तर पर तो ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने की सभी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। मामला संचालनालय से अटका हुआ है।

लोगों की मानसिकता है कि सरकारी काम हमेशा अटक-अटक कर होता है। लोगों के इस भ्रम को दूर करने के लिए विष्णुदेव की सरकार ने सभी सरकारी दफ्तरों में ई-ऑफिस प्रणाली शुरू करने की योजना बनाई है। इसके तहत सरकारी दफ्तरों में पूरा काम ऑनलाइन हो जाएगा। आम लोगों को योजनाओं का लाभ देने से लेकर फाइलों के लेनदेन तक सभी काम बिना कागज के वर्चुअल प्लेटफार्म पर होगा। इससे जहां सरकारी कार्यों में पारदर्शिता आएगी, वहीं काम की स्पीड भी बढ़ेगी। ई- ऑफिस सिस्टम के महत्व को देखते हुए इसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है, लेकिन इस सिस्टम को लागू करने में लेटलतीफी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय में ई-ऑफिस प्रणाली लांच कर दिया है। इसका विस्तार पूरे प्रदेश में होना है, लेकिन अब तक इसे शुरू नहीं किया जा सका है। लेटलतीफी का आलम यह है कि जिन जिलों में इस प्रणाली को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लिया गया था, वहां भी इसे शुरू नहीं किया जा सका है।



#### तैयारी अंतिम चरण पर

इस प्रणाली को लागू करने के लिए जिला स्तर पर दो चरणों में काम हुआ। पहले चरण में सभी कर्मचारियों का ऑफिसियल ई-मेल आईडी बनानी थ। जिले में लगभग 95 प्रतिशत कर्मचारियों की ई-मेल आईडी बन चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस ई-मेल आईडी से मोबाइल नम्बर लिंक रहता है। कई कर्मचारियों के मोबाइल नम्बर बदलने या मोबाइल गुम होने जाने जैसी समस्याओं के चलते उनकी आईडी फिर से जनरेट की जा रही है। दूसरे चरण में सभी ई -मेल आईडी को ई-ऑफिस के डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ना है। जिसे ऑनबोडिंग कहा जाता है। ऑनबोडिंग का काम भी अंतिम चरण में हैं। अब आगे की प्रक्रिया संचालनालय स्तर की है। वहां से ई-ऑफिस शुरू करते ही जिला स्तर पर ऑनलाइन काम शुरू कर दिया जाएगा।

#### काम में आएगी पारदर्शिता

ई-ऑफिस शुरू होने से सरकारी कार्यों में पारदर्शिता आएगी। अधिकारी ऑनलाइन देखे पाएंगे कि कौन सी फाइल किसके पास है और कितने दिन से काम पेंडिंग हैं। केवल ऑफिस में ही नहीं बल्कि कहीं पर भी मोबाइल के माध्यम से अधिकारी संबंधित फाइल को देख सकेंगे। यही नहीं इससे समय भी बचत होगी। फाइलों को एक ऑफिस से दूसरे ऑफिस तक पहुंचाने में काफी वक्त लगता है। ई-ऑफिस शुरू होने के बाद एक क्लिक से ही फाइल एक ऑफिस से दूसरे आफिस तक पहुंच जाएगी। इसमें दस्तावेजों की हेराफेरी से बचा जा सकता है। फाइल डिजिटल प्लेटफार्म में सुरक्षित रहेगी। यही नहीं पूरा काम डिजिटल प्लेटफार्म पर होने से कागज भी बचेगा।

# कलयुगी बाप ने नौनिहालों को रूद्रेश्वर मंदिर में छोड़ा

- मां ने कर ली दूसरी शादी, चाइल्ड लाइन की मदद से मिली नौनिहालों को पनाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बच्चों की चिंता छोड़ मां दूसरी शादी कर चली गई। पिता शराब के नशे में इधर उधर घूमता रहा। मां-बाप से नाउम्मीद दो नौनिहाल दो दिन से रूद्रेश्वर घाट के आसपास भटक रहे थे। चाइल्ड लाइन के सहयोग से दोनों नौनिहालों को पनाह मिली। दोनों को अलग अलग स्थानों पर कांकेर की सरकारी संस्था में रखा गया है।

पिता की शराब की लत ने दो मासूम के भविष्य पर सवाल खड़ा दिया है। रूद्री निवासी एक व्यक्ति बुरी तरह से शराब के नशे की गिरफ्त में है। उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर दूसरे व्यक्ति को जीवनसाथी बनाकर चली गई। इन दोनों की दो बच्ची है जो दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर है। एक बच्ची की उम्र 8 साल है और वह सरकारी स्कूल में दूसरी कक्षा में पढ़ती है। दूसरी बच्ची की उम्र 5 साल है जो आंगनबाड़ी जाती है। एक को स्कूल से मध्यान्ह भोजन मिल जाता था तो दूसरी को आंगनबाड़ी से। अब स्कूल बंद है। आंगनबाड़ी भी सुबह 11 बजे बंद हो जाती है। ऐसे में शराबी पिता ने दोनों को रुद्रेश्वर मंदिर के पास छोड़ दिया और खुद गायब हो गया। दो दिन से बच्ची मंदिर के आसपास ही रही। बुधवार रात दोनों बच्ची भटकते भटकते दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पास पहुंची। बच्चियों को देखकर किसी ने सूचना 1098 में चाइल्ड लाइन को दी। जिसके बाद चाइल्ड लाइन टीम वहां पहुंची और बच्चियों को सखी सेंटर में शरण दिलाई। गुरुवार को दोनों को सीडब्ल्यूसी में पेश किया गया, जहां बड़ी बच्ची को बालिकागृह कांकेर और दूसरी की उम्र कम होने के कारण दत्तक ग्रहण केंद्र कांकेर भेज दिया गया। विडंबना यह है कि बच्चियों की खोज खबर लेने न तो पिता आया और न ही उनकी मां आई।

# बीस दिन में आठ मोडिफाइड साइलेंसर व 69 प्रेशर हार्न जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पर्यावरण संरक्षण को लेकर यातायात पुलिस ने बीते 20 दिन में 8 मोडिफाइड साइलेंसर व 69 प्रेश रहार्न जब्त कर वाहन चालकों पर कारवाई की है। वहीं हाईवे पर धान की ढेरी लगाने व सुखाने वाले किसानों को नोटिस दिया है।

वाहनों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण व वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर यातायात विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत मोडिफाइड साइलेंसर लगाने व प्रेशरहार्न का उपयोग करने वाले चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस ने बीत 20 दिनों में 8 मोडिफाइड साइलेंसर व 69 प्रेशनहार्न लगाकर चलने वाले वाहन चालकों पर जब्ती की कार्रवाई की है। दोबारा वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर व प्रेशरहार्न नहीं लगाने की चेतावनी दी है। इसके अलावा नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए सात चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।



#### सड़क पर धान नहीं सुखाने की समझाइश



शहर के मुख्य मार्ग से लगे खेतों के किसान मार्ग पर ही अपने खेत के धान को सुखाने के लिए रख देते हैं जिसके कारण मार्ग संकरा हो जाता है। रात्रि के समय वाहनों के धान की ढेरी से टकराकर सड़क दुर्घटना घटित होने की संभावना को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के ग्राम संबलपुर से ग्राम तेलीनसत्ती तक सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया कि राजमार्ग से लगे खेतों के किसानों ने सड़क पर अपने धान की मिंजाई पर उसे सुखाने के लिए रख दिया है। यातायात पुलिस ने उक्त किसानों को नोटिस देकर तत्काल धान को सड़क से हटाने निर्देशित किया। वहीं भविष्य में दोबारा सड़क पर धान की ढेरी लगाने या सुखाते पाए जाने व उससे सड़क दुर्घटना घटित होने पर संबंधित किसान के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।

#### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा

यातायात पुलिस ने पर्यावरण को शुद्ध रखने व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हार्न प्रयोग नहीं करने की अपील करते हुए कहा है कि इनका उपयोग मोटरयान अधिनियम के तहत गैरकानूनी है।

# शिक्षक बनने हजारों परीक्षार्थियों ने दी बीएड, डीएलएड की इंट्रेंस परीक्षा

- 15526 परीक्षार्थियों में से 4292 अनुपस्थित रहे
- 11 से 12 बजे के बीच घड़ी की दोनों सुईयां कब एक रेखा में होंगी, ऐसे प्रश्नों में उलझे परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय स्कूलों में शिक्षक बनने युवाओं में व्यापक उत्साह है। गुरूवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री बीएड इंट्रेंस तथा प्री-डीएलएड इंट्रेंस परीक्षा में 11 हजार से अधिक युवाओं ने विभिन्न सेंटरों में परीक्षा दी। प्री-बीएड की परीक्षा 10 से 12.15 बजे तक हुई वहीं प्री-डीएलएड की परीक्षा 2 से 4.15 बजे तक हुई। परीक्षा में जिस प्रकार विद्यार्थी का संबंध कक्षा है, उसी प्रकार खिलाड़ी का संबंध किससे है?, 10 और 11 बजे के बीच घड़ी की दोनों सुईयां कब एक रेखा में होंगी? जैसे वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में परीक्षार्थी उलझे रहे।

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने बताया कि प्री बीएड इंट्रेंस परीक्षा सुबह 10 से 12.15 बजे तक हुई जिसमें गर्ल्स कालेज, गर्ल्स स्कूल, गवर्नमेंट ब्वायज स्कूल, म्युनिस्पिल स्कूल, मेनोनाईट हिन्दी, मेनोनाईट इंग्लिश, मॉडल इंग्लिश, हायर सेकेण्डरी स्कूल बठेना, नूतन स्कूल, आत्मानंद हटकेशर स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, हायर सेकेण्डरी संबलपुर स्कूल, रूद्री हायर सेकेण्डरी स्कूल, हाई स्कूल लोहरसी, हायर सेकेण्डरी स्कूल खरतुली, हायर सेकेण्डरी स्कूल आमदी, हायर सेकेण्डरी स्कूल गोकुलपुर, पॉलीटेक्निक कालेज रूद्री, हायर सेकेण्डरी स्कूल बिरेतरा, सरस्वती शिशु मंदिर आमातालाब आदि 23 सेंटरों में संपन्न हुई। प्री बीएलएड परीक्षा में कुल 5852 परीक्षार्थियों में 4006 परीक्षार्थी उपस्थित थे वहीं 1846 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।

प्री डीएलएड इंट्रेंस परीक्षा 42 सेंटरों में आयोजित की गई जिसमें कुल परीक्षार्थियों की संख्या 9674 थी। परीक्षा में 7228 उपस्थित हुए तथा 2446 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।

# डुबान संघर्ष समिति युवा बेरोजगार संघ की कलेक्टर के साथ हुई बैठक

- मांगों के संबंध में शासन स्तर पर वार्ता होगी : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डुबान संघर्ष समिति युवा बेरोजगार संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गांधी मैदान में विगत 5 दिनों से हड़ताल पर हैं। उनकी प्रमुख मांगों में जिले के बांधों, नहरों में प्रभावित परिवारों के एक सदस्य को स्थायी नौकरी देना है। प्रभावित परिवारों की संख्या 5 हजार से अधिक हैं, जिन्हें 55 साल से मुआवजा भी नहीं मिला है। मांगों को लेकर वे साल दर साल आंदोलन करते रहे, पर आश्वासन मिलता रहा।



संघ के कुंवर सिंह, ललित पटेल, सरस्वती साहू, विनीता ध्रुव, शिवराम सेन, निखिलेश देवान ने बताया कि 5वें दिन संघ द्वारा अम्बेडकर चौक नेशनल हाईवे में चक्काजाम करने की योजना थी। इसकी जानकारी प्रशासन को होने पर एसडीएम और पुलिस ने गांधी मैदान में बैठक कर बातचीत के माध्यम से हल निकालन की बात कही। इसके बाद अधिकारियों ने शाम 4 बजे कलेक्टर से बैठक करवाई। बैठक में सिर्फ आश्वासन मिला है। ठोस कार्रवाई की दिशा में खास प्रयास नहीं हुआ। इधर शाम को ही महापौर रामू रोहरा से सदस्यों ने मुलाकात कर मांगों के संबंध में जानकारी दी जिस पर श्री रोहरा ने शासन स्तर पर बैठक कराने की बात कही।

# हाइवा चालक को स्कार्पियो सवारों ने रॉड से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- साइड नहीं देने की बात पर हुआ विवाद

साइड नहीं देने का आरोप लगाते हुए स्कार्पियो सवारों ने हाइवा चालक की रॉड से पिटाई कर दी। घटना में चालक को चोट आई है।

पुलिस के अनुसार सुक्खु मरकाम पिता सुद्धा मरकाम उम्र 34 वर्ष ग्राम मोहगांव एमपी का रहने वाला है जो कुरूद के पावर कंस्ट्रक्शन में हाइवा चलाने का काम करता है। इन दिनों युवक डामर प्लांट ग्राम कल्लेमेटा में निवास कर रहा है। चालक 18 मई को हाइवा क्रमांक सीजी 05 एएन 5549 में डामर प्लांट कल्लेमेटा से मिक्स डामर भरकर गरियाबंद जिला जा रहा था। हाइवा शाम को ग्राम सांकरा से अरसीकन्हार के बीच पुलिया के पास पहुंचा था। उसी समय सामने से स्कार्पियो क्रमांक सीजी 17 केआर 5537 आई और साइड नहीं देने रहे हो कहकर उसमें सवार लोगों ने अपने वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। स्कार्पियो चालक व उसमें सवार एक अन्य व्यक्ति नीचे उतरकर हाइवा का दरवाजा खोलकर चालक से मारपीट करने लगे। वहीं अन्य व्यक्ति ने अपने पास रखे लोहे की राड से मारपीट की। इस घटना में हाइवे चालक घायल हुआ है। पीड़ित की शिकायत पर मेचका थाना में आरोपी स्कार्पियो चालक व सवार व्यक्ति के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सिर्फ 8 छात्र हुए पास, रिजल्ट देखकर बढ़ी ग्रामीणों की नाराजगी

# लोहरसी में 34 छात्र में से 19 फेल, 7 पूरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोहरसी हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा के गिरते स्तर को देखते हुए पालकों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। कलेक्टर से शिकायत करते हुए उन्होंने बताया कि शाला विकास समिति कई बार इसकी शिकायत कर चुकी है। न तो गणित शिक्षिका पढ़ाने में ध्यान देती है और न ही संस्था प्रभारी व्यवस्था दुरूस्त रखने में। उन्होंने स्कूल की शिक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने की दिशा में सार्थक कदम उठाने की मांग की है।

पिछले कुछ साल से लोहरसी स्कूल का रिजल्ट काफी खराब आ रहा है। इस साल तो स्थिति और भी खराब है। कक्षा 10वीं में सिर्फ 8 छात्र ही पास हो पाए हैं, जबकि 19 छात्र फेल हो गए हैं। 7 छात्र पूरक आए हैं। रिजल्ट की स्थिति को देखते हुए पालकों की नाराजगी और बढ़ गई। गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेटोरेट पहुंचे और कलेक्टर से शिकायत करते हुए बताया कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका की निष्क्रियता एवं उदासीनता के चलते स्कूल में शिक्षा का स्तर खराब हो रहा है। हाईस्कूल लोहरसी की गणित शिक्षिका बच्चों की पढ़ाई में बिल्कुल भी ध्यान नहीं देती है। छात्र गाइड, प्रश्नबैंक आदि से पढ़ाई करते हैं जिसका असर रिजल्ट में दिखाई दे रहा है। इस विषय की पढ़ाई को लेकर प्राचार्य से हर साल शिकायत की जा रही है, लेकिन उनके द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया। स्थिति यह है कि अब छात्र लोहरसी स्कूल को छोड़कर दूसरे स्कूलों में एडमिशन लेने लगे हैं।



#### लगातार गिर रहा शिक्षा का स्तर

पालकों ने बताया कि विगत 5 साल से विद्यालय में बच्चों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। अनेकों बार प्राचार्य से चर्चा कर मीटिंग करने कहा गया लेकिन हमेशा समयाभाव और अधिक व्यस्तता बताकर मीटिंग को टाल दिया गया। अब तो बाकी शिक्षक भी पढ़ाने में ध्यान नहीं दे रहे हैं। सिर्फ गणित ही नहीं अंग्रेजी सहित अन्य विषयों में भी रिजल्ट काफी खराब आया है। उन्होंने गणित शिक्षिका और प्रभारी प्राचार्य को हटाकर दो नये शिक्षक की पदस्थापना करने की मांग की है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

### डूबने से मौत पर परिजन को आर्थिक सहायता राशि

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तालाब में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपएं की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। तहसील नरहरपुर के ग्राम चनार निवासी 33 वर्षीय डिगेश कुमार कावड़े की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित को चार लाख रुपएं की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की मनाई पुण्यतिथि

**भानुप्रतापपुर।** विधायक कार्यालय भानुप्रतापपुर में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि को श्रद्धा एवं सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधायक सावित्री मनोज मंडावी तथा यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पूर्णचन्द्र पाढ़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने से हुई। उपस्थित जनों ने उनके योगदानों को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता बताया गया। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, पंचायती राज और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में क्रांतिकारी व दूरदर्शी पहल किया, जिनके परिणामस्वरूप देश ने एक नए युग में प्रवेश किया। इस अवसर पर वीरेन्द्र सिंग ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कॉंग्रेस भानुप्रतापपुर, शोपसिंग आंचला अध्यक्ष ब्लॉक कॉंग्रेस दुर्गुकोंदल, सुनाराम तेता अध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, गोपीचंद बधाई अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल, आनंद तेता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल, किरण डोंगरे अध्यक्ष महिला ब्लॉक कॉंग्रेस भानुप्रतापपुर, विजय धामेचा पार्षद, नरेंद्र कुलदीप पार्षद, गुरदीप ढींढसा अध्यक्ष परिवहन संघ भानुप्रतापपुर, हुमन मरकाम विधायक प्रतिनिधि, अमर कचलाम जिलाध्यक्ष किसान कॉंग्रेस, केएल मरकाम, नरेन्द्र यादव पूर्व सदस्य गौ सेवा, हितेश तिवारी, फुरकान अहमद, संजू नेताम, महेंद्र नायक व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### सिंदूर मशाल यात्रा व विचार संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**चारामा।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर विचार संगोष्ठी व सिंदूर मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। सिंदूर मशाल यात्रा नगर के कोरर चौक से होकर सदर बाजार होते हुए भारत माता चौक पहुंची। पुनः कोरर चौक स्थिति सदभावना भवन में कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नदुं कुमार ओझा के अतिथि में हुआ।

चंद्राकर बोले : पीएम मोदी के नए भारत में आतंकवाद को मिला मुंहतोड़ जवाब

# विधायक के नेतृत्व में सेमरा बी में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद




भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, शौर्य और सम्मान के लिए एक भव्य तिरंगा यात्रा कुरुद विकासखंड के ग्राम सेमरा-बी में विधायक अजय चंद्राकर की अगुवाई में निकाली गई। जिसमें ग्रामीणजन, पंचायत एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति के नारे लगाते शामिल हुए।

गुरुवार को सेमरा में भारत माता की पूजा अर्चना कर प्रारम्भ हुई तिरंगा यात्रा सुपेला चौक से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए बस स्टैंड पर विराम हुई। यहां आयोजित मंचीय कार्यक्रम को विधायक चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि यह नया भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। आज भारत के पास राफेल, ब्रह्मोस और अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित एक शक्तिशाली सेना है, जो विश्व की सबसे मजबूत सेनाओं में से एक मानी जाती है। हमारी सेना ने आतंकियों को उन्हीं की भाषा में मुंहतोड़ जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने हर देशवासी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत सभापति पूजा राजू सिन्हा, कुलेश्वरी गायकवाड़, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन, जनपद सभापति आनन्द यदु, सदस्य डिकेश्वरी देवांगन, बनीता पन्नू सिन्हा, सरपंच दुर्गा सिन्हा, उपसरपंच दीपक चक्रधारी, सोसायटी अध्यक्ष पंकज सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष रवि कुमार सिन्हा, महामंत्री गौतम जैन, रामस्वरूप साहू, मोतीलाल सिन्हा, छत्रपाल बैस, सीईओ अमित कुमार सेन, सचिव सुदर्शन साहू सहित पंचगण एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

**भारतीय सेना हर चुनौती का सामना करने में सक्षम**

अजय चंद्राकर ने कहा कि मोदीराज में भारत अब एक मजबूत विकसित देश के रूप में उभर रहा है जिसे चीन, पाकिस्तान जैसे देश नहीं पचा पा रहे हैं। वे हमारी देश की एकता को आतंक फैलाकर तोड़ना चाहते हैं जिसे हमारे वीर जवानों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया कि भारत की सेना हर चुनौती का डटकर सामना करने में सक्षम है। यह तिरंगा यात्रा उनके साहस, बलिदान और शौर्य को सम्मान देने का एक छोटा सा प्रयास है। लेकिन हम प्रत्येक नागरिक अपने देश के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़े हैं और खड़े रहेंगे ताकि देश में व्याप्त आतंकवाद और नक्सलवाद को जड़ से समाप्त किया जा सके।

# सुशासन तिहार : जी-जामगांव के समाधान शिविर में 5495 आवेदन मिले





- कृषि सहकारी समिति ने समाधान शिविर में किसानों को धान बीज का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत जी-जामगांव में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस कलस्टर में जीजामगांव, अंवरी, मुरा, गणेशपुर, मड़ेली, सरबदा, कचना, नवागांव क., भैंसबोड़, जरवायडीह कुल 10 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया।

समाधान शिविर में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, कुलेश्वरी गायकवाड़ सदस्य जिपं धमतरी, गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरूद, चन्द्रशेखर साहू सभापति जपं कुरूद, सिंधु बैस सभापति जपं कुरूद, लोकेश साहू सिर्री मण्डल अध्यक्ष, ललिता भतपहरी सदस्य जपं कुरूद, गंगा साहू सदस्य जपं कुरूद, नारायणगिरी गोस्वामी वरिष्ठ कार्यकर्ता जीजामगांव उपस्थित रहे। कलस्टर जीजामगांव अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायतों में कुल मांग 5417 व शिकायत 78 इस प्रकार कुल 5495 आवेदन प्राप्त हुए। विभाग प्रमुखों द्वारा मांग व शिकायत निराकरण संबंधी जानकारी ग्रामीणों को शिविर के माध्यम से दी गई। प्राथमिक कृषि सहकारी समिति जीजामगांव द्वारा समाधान शिविर में किसानों को धान बीज वितरण किया गया। जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सरपंच देवचरण चन्द्राकार एवं जनपद सदस्य कुरुद चन्द्रशेखर साहू ने बीज वितरण किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा विभिन्न मिष्ठान रेडी टू ईट से बनाए गए।

# जय हनुमान सेवा समिति ने छात्र प्रियम का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद




केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 12 वीं परीक्षा परिणाम में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय लोहरसी के विज्ञान संकाय के छात्र कुरुद निवासी प्रियम पिता खिलेंद्र चंद्राकर ने मुख्य विषयों के आधार पर 96.8 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जय हनुमान सेवा समिति के सदस्यों ने इस सफलता पर छात्र का मुंह मीठा कर व गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया। प्रियम आगे पढ़ाई कर यूपीएससी की तैयारी कर कलेक्टर बनना चाहता है। जय हनुमान सेवा समिति के सदस्यों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर हनुमान सेवा समिति के प्रकाश धीवर, मनीष साहू, राजकुमार साहू, गोकुल साहू, सरोज साहू, अनुप यादव, नवीन साहू, संतोष साहू, हरिराम निषाद, मुकेश ठाकुर, नीरज शुक्ला, हितेन्द्र ध्रुव, शत्रुघ्न साहू, बलराम साहू, संजु चंद्राकर, कमल शर्मा, खिलेन्द्र चंद्राकर समेत छात्र के परिवारजन उपस्थित थे।

# समर कैम्प से बच्चों की रचनात्मक सोच को मिला नया आयाम





- पीएमश्री प्राथमिक शाला अरौद में समर कैम्प का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

पीएमश्री प्राथमिक शाला अरौद में समर कैम्प का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ मनीष ध्रुव व विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नंदनी थी। बच्चों द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ राज्यगीत का गायन किया गया। कार्यक्रम में धमतरी बीआरसी श्री सिन्हा, एपीसी समग्र शिक्षा एनके साहू, कुंती पाण्डेय, एसएमसी सदस्य गुलाबराम साहू उपाध्यक्ष, सीएससी, गिरौद संकुल के शिक्षकगण नेमिन साहू, ओमिन यादव, श्री नामदेव, अरौद के प्रधानपाठक, शैलेन्द्र कश्यप प्रधानपाठक सौंगा, एसडी समेत पालक शतरूपा साहू मौजूद थे। बच्चों ने 10 दिन में क्या-क्या सीखा, उसे अपने विचारों से व्यक्त किए। किये गये कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। बच्चों के लिए योग, व्यायाम, डांस, मेहंदी ,स्पोकन इंग्लिश ,पत्तो सें आकृति, मूर्तिकला, चित्रकला, गायन, वादन, नाटक, कहानी, खेल संबंधी कई गतिविधियां कराई गईं । इससे उनकी रचनात्मक सोच को नया आयाम मिला। बालनाटक से आत्म अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ानस मिला। शिविर का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना था। बीईओ ने बच्चों को अभिव्यक्ति कौशल पर ध्यान देने की बात कही। एनके साहू ने शिविर के उद्देश्य को बताया। बच्चों को अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र व टी शर्ट वितरित की गई। इस मौके पर प्रमोद ध्रुव शिक्षक, यशवंत कंवर योग शिक्षक, लुकेश्वरी दीवान शिक्षिका एवं प्रधानपाठिका पुष्पलता यादव ने आभार व्यक्त किया।

# हाईमास्ट लाइट से जगमगाया रामलीला मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



भखारा भठेली नगर पंचायत के रामलीला मैदान एवं मुख्य हाट बाज़ार हाईमास्ट लाइट की रोशनी से जगमगाने लगा है। सार्वजनिक आवश्यकताओं एवं बाजार दिवस समय पर यह लाइट जलेगी। सीएफएल और ट्यूब लाइट की जगह अब दूधिया रोशनी बिखेरने वाली हाईमास्ट लाइट से शहर के मुख्य स्थल भी गुलजार हुए। नई नगर पंचायत के शपथ के बाद लगातार हर व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है। जो संभव है उस पर फोकस किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के लिए यह एक बेहतर कार्य होगा जिसका लाभ लोगों को बाजार दिवस पर मिलेगा। नपं के अधिकारियों के मुताबिक लगभग 9 लाख की प्राक्कलित राशि से शहरी क्षेत्र के चिन्हित 2 स्थानों में यह लाइट लगकर एक सादे कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की संचालिका करुणा द्वारा प्रारंभ किया गया। नपं के इंजीनियर ने बताया कि लाइट लगाने की जिम्मेवारी हर्षित अग्रवाल को मेंटेनेंस के साथ दी गई है। इस अवसर पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, कर्मचारीगण, नागरिकगण उपस्थित थे।

# नशेड़ियों के जमावड़े से वार्डवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



आमापारा स्थित गुरूदास राम सोसायटी सुविधाओं के लिए तरस रही है। आसपास आसामाजिक तत्वों के भटकने से वार्डवासी परेशान हैं।

कालोनीवासियों ने बताया कि अंबा चौक के पीछे डीएसआर प्लाजा और एमएम टावर है जहां पर आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा दिन रात लगा रहता है। खुलेआम नशीले पदार्थों की बिक्री वहां पर होती है। इसी के पीछे संत बाबा गुरूदास राम सोसायटी है जहां पर 20 परिवारों का मकान बना हुआ है। नशेड़ियों की वजह से आए दिन कोई न कोई विवाद होता है। यहां पर लाइट, रोड, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। रात होते ही आसामाजिक तत्वों की वजह से महिलाओं और बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार पुलिस को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई है।



# केपीएल सीजन टू पर आरसीबी का कब्जा

- कोसमर्रा में आयोजित प्रीमियर लीग का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

कोसमर्रा में आयोजित प्रीमियर लीग का फाइनल मैच आरसीबी एवं गणपति फाइटर भखारा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गणपति फाइटर ने निर्धारित 8 ओवर पर 56 रन बनाए। जवाब में आरसीबी की टीम ने कमजोर शुरुआत के बाद कुलेश्वर साहू के तीन चौके और एक छक्का 26 रन नाबाद की बदौलत 5 ओवर 3 बॉल में मैच अपने नाम किया । टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि श्रीमती सिंधु बैस जनपद सदस्य महिला एवं बाल विकास सभापति कुरूद, कोसमर्रा सरपंच डॉ कुलेश्वर साहू रहे। विशिष्ट अतिथि यशोदा शांडिल्य, हेमंत साहू अधिवक्ता तहसील भखारा, गोविंदा साहू बीट ऑफिसर ,चिराग साहू, गौरव सीजी फारेस्ट, अमित बनपेला, सुभाष साहू, कृष्णा निषाद, चंदन बनपेला, किशोर तारक, सोनू निर्मलकर ने ट्रॉफी आरसीबी के कप्तान पंकज साहू एवं नितीश तिवारी को प्रदान की। मैन ऑफ द सीरीज मयंक मंकुर आरसीबी को दिया गया। बेस्ट बॉलर प्रीतम साहू गणपति फाइटर्स, बेस्ट बल्लेबाज हिमांशु यादव आरसीबी रहे। मौके पर गुलशन सेन, मुरली मरकाम, मंशा साहू, कुशल यादव, बबलू कंवर, ढालू साहू, तोकेश साहू, कुणाल ध्रुव, हेमंत बंजारे, दुष्यंत साहू, तरुण साहू, कमलकांत, उदय ध्रुव, कुंदन यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय साधन सहसाधन छात्रवृत्ति के लिए बारना स्कूल की छात्रा का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



शासकीय माध्यमिक शाला बारना की छात्रा डेमिन प्रजापति पिता योगेन्द्र प्रजापति का चयन राष्ट्रीय साधन सह साधन छात्रवृत्ति 2024 -25 के लिए हुआ है। छात्रा ने इसका श्रेय अपने शिक्षक हीरा लाल साहू, शिव कुमार तारक, सत्यवान साहू एवं श्रीमती गोमती साहू प्रधानपाठक को दिया है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोहित प्रजापति, दीपक पटेल सरपंच एवं डोमन साहू ने छात्रा की उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी के नेतृत्व में शामिल हुईं मातृशक्तियां

# ऑपरेशन सिन्दूर : जोरातराई में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद




ग्राम पंचायत जोरातराई (सी) में जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू के नेतृत्व में पंच-सरपंच एवं ग्रामवासियों ने तिरंगा यात्रा निकालकर भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य व बलिदान को याद करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने हाथों में तिरंगा थामे भारत माता के जयघोष लगाये।

ऑपरेशन सिन्दूर भारतीय सेना की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में की गई एक अहम सैन्य कार्रवाई रही, जिसने देशवासियों के मन में गर्व और आत्मबल की भावना को और मजबूत किया।

इसी गौरवपूर्ण अभियान की सफलता को समर्पित यह यात्रा लोगों में देश के प्रति प्रेम और सम्मान का प्रतीक बनी। तिरंगा यात्रा में जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने अपने गृह निवास में पंचायत प्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान गूंजते राष्ट्रवादी नारों ने पूरे जोरातराई को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

इस तिरंगा यात्रा में सरपंच प्रीति साहू, उपसरपंच गयाराम साहू, पंचगण महेश्वर साहू, पवन साहू, नीलकमल, प्रतिमा साहू, नोमेश्वरी साहू, बसंती साहू, योगेश्वरी मिथलेश, रोहिणी, बसंती सरोज के अलावा रतीराम, ईश्वर, मोहन, योगेश साहू, डेमेश्वरी, नरेंद्र साहू, गिरधर साहू, सरोजनी साहू, सेवन्तीन बाई, राधा, रूक्मणि, गंगाबाई, पंचायत सचिव भारत सिन्हा के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

**Pride of Dhamtari**




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### दिव्यांग अधिकारियों ने गृहमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित, कोषाध्यक्ष महेश साहू ने गृह मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पंजीकृत संघ के पदाधिकारियों का बीच- बीच में राजधानी के विभिन्न कार्यालय में दिव्यांगजनों के हितार्थ आना-जाना पड़ता है और कभी रात रुकना होता है। ऐसी परिस्थितियों में हमें परेशानी होती है। मांग पत्र के अनुसार उक्त भवन को कार्यालय के रुप में आवंटित किया जाए। साथ ही वाहन भत्ता में वृद्धि, युक्तियुक्त करण में सहानुभूतिपूर्वक विचार करने तथा नौकरी व पदोन्नति में आरक्षण बढ़ाने की मांग की है।

### शिक्षा भय नहीं अधिकार है : राजा

- एक निजी शैक्षणिक संस्थान ने शार्ट अटेंडेंस के नाम पर छात्र से मांगा एक लाख



**धमतरी।** एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि प्रदेश का निजी शैक्षणिक संस्थान शार्ट अटेंडेंस के नाम पर छात्र से एक लाख रूपए की अनुचित मांग कर रहा है। शिकायत मिलने पर वह कालेज प्रशासन से मिलने पहुंचा जिस पर प्रबंधन का कहना है कि किसी भी छात्र से कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा रहा है। श्री देवांगन ने बताया कि छात्र का कहना है कि शार्ट अटेंडेंस के नाम पर उनसे एक लाख रूपए की मांग की गई है, जिसे वे देने में असमर्थ है। प्रबंधन ने छात्र से यह भी कहा था कि फीस नहीं देने पर उन्हें वार्षिक परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा जिससे घबराकर उसने राजा देवांगन से शिकायत की। श्री देवांगन ने बताया कि इधर कालेज प्रबंधन से हुई बैठक के बाद प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया कि अनुचित फीस नहीं ली जा रही है। श्री देवांगन ने छात्रों से आग्रह किया है कि छात्रों की सुरक्षा और अधिकार की रक्षा के लिए वे हमेशा सबसे आगे खड़े रहेंगे।

### समर कैम्प में बच्चों को मिट्टी से जरुरत की वस्तुएं बनाना सिखाया

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय समर कैम्प में 21 मई को माखनलाल प्रजापति और नारद प्रजापति के द्वारा केरा कोटा मिट्टी से जैसे दिए, मटका, पानी बॉटल, नादिया बैल, पोला, गमला, गुलदस्ता गमला, गुल्लट, आदि बनाए गए और बच्चों को भी बनाना सिखाया गया। साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी सीखा। इस मौके पर एबीओ अंजनी मंडावी, पूर्व प्राचार्य एसडी दास, शैलेंद्री मरकाम, मनीष गौतम, डुग्गा संकुल समनवयक, डॉ धनाजु राम नरेटी, हरीश नागराज, राजेश कुर्रे, पंकज निषाद आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### ऐसेबेड़ा में सुशासन समाधान शिविर 23 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार सुशासन तिहार के तहत आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण एवं शासन की जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 23 मई को जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के क्लस्टर ऐसेबेड़ा अंतर्गत ग्राम भिंगीडार, चंदनपुर, गोविन्दपुर, ऐसेबेड़ा, श्यामनगर, बारदा, सत्यनगर, कृष्णनगर, बलरामपुर, जयश्रीनगर, वनश्रीनगर, कारेकट्टा, इन्द्रप्रस्थ और पुरूषोत्तमनगर के ग्रामीण सम्मिलित होंगे। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणजन पहुंचकर राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

साप्ताहिक बाजार, समाधान शिविर में दी ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम तुमड़ीबहार के साप्ताहिक बाजार एवं समाधान शिविर रांवा में आये ग्रामीणों को पुलिस द्वारा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार, उप पुलिस अधीक्षक यातायात मोनिका मरावी के नेतृत्व में यातायात प्रभारी खेमराज साहू एवं यातायात स्टॉफ ने आमजनों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने एवं सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करने के लिये निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिले के अंतिम छोर थाना मेचका के ग्राम तुमड़ीबहार के साप्ताहिक बाजार एवं समाधान शिविर रांवा में आए ग्रामीणों, व्यापारियों, वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा का महत्व समझाते हुए बताया गया कि वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाना चाहिए, वाहनों को निर्धारित गति में चलाना चाहिए, दो पहियावाहन चलाने के समय सड़क सुरक्षा उपकरण हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करना चाहिए। वाहन चलाने के समय फोन का उपयोग नहीं करना चाहिए। मार्ग में लगे संकेत बोर्ड में दिये निर्देशों का पालन करना चाहिए, चौक-चौराहों में सावधानी पूर्वक चलना चाहिए, नशापान कर वाहन नहीं चलाना चाहिए। मालवाहक वाहनों में यात्रा नहीं करनी चाहिए। बाजार व शिविर में लोगों को जागरूकता संबंधी पांपलेट का भी वितरण किया गया। थाना के पास वाहनों की चेकिंग की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। इस कार्यक्रम में यातायात से सउनि रामकृष्ण साहू, प्रआर जितेन्द्र कृदत्त, पेमन साहू, थाना प्रभारी मेचका राधेश्याम बंजारे चालक, आरक्षक जीवन साहू उपस्थित थे।

## पीजी कॉलेज में जल्द शुरू होगा गर्ल्स हॉस्टल

- कलेक्टर ने बीसीएस पीजी कॉलेज का औचक निरीक्षण कर दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल्द ही गर्ल्स हॉस्टल शुरू होगा, जिससे जिले के आसपास से आने वाली छात्राओं को सुविधा होगी। हॉस्टल के शुरू हो जाने से अब छात्राओं को परिसर में ही रहने और पढ़ने की सुविधा मिल जायेगी, जिससे छात्राओं के समय और पैसों की बचत होगी, पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल मिल पायेगा। कलेक्टर ने कॉलेज परिसर में निर्मित गर्ल्स हॉस्टल का निरीक्षण कर साफ-सफाई, बिजली, पानी, शौचालय, रंग रोगन सहित अन्य आवश्यक कार्यों को कराकर शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने बीसीएस पीजी कॉलेज का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से लायब्रेरी में विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। लायब्रेरी में विद्यार्थियों से चर्चा की। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में भी पूछा और उनका मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों ने बताया कि लायब्रेरी में कुर्सियां की कमी है, जिससे पढ़ाई में असुविधा होती है। इस पर कलेक्टर ने लायब्रेरी में कुर्सियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन पढ़ाई हेतु कम्प्यूटरों की संख्या की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं रोमा श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ विनोद पाठक के अलावा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि कम्प्यूटर लैब में बहुत से कम्प्यूटर है। लायब्रेरी आने वाले विद्यार्थियों को इनके उपयोग की अनुमति दी जाये। विद्यार्थियों ने कलेक्टर ने लायब्रेरी के समय को भी बढ़ाने की बात कही, जिस पर कलेक्टर ने सबकरे 8 बजे से शाम 5 बजे तक लायब्रेरी संचालित करने के निर्देश दिये।

## रेंजर की कथित प्रताड़ना से महिला वन श्रमिक परेशान

- न्याय के लिए सुशासन शिविर में लगाई गुहार
- यादव समाज ने की सिहावा थाना में जाकर न्याय की मांग
- वन परिक्षेत्र रिसगांव का मामला, एसडीओपी ने दिए निष्पक्ष जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी




सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र रिसगांव में पदस्थ एक महिला दैनिक वेतनभोगी श्रमिक ने वहां के रेंजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुशासन समाधान शिविर में न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने शिकायत में कहा है कि रेंजर कार्यालयीन कार्यों के अलावा उससे निजी घरेलू काम जैसे कपड़े धुलवाना, खाना बनवाना और बर्तन साफ करवाया जाता है।

महिला का आरोप है कि कपड़े धोने के लिए दिए जाने वाले वस्त्रों में आपत्तिजनक सामग्री भी होती थी, जिससे वह मानसिक रूप से बहुत परेशान है। उसके मुताबिक जब उसने इन कार्यों से इंकार किया, तो रेंजर ने उसे दो महीने से वेतन नहीं दिया और आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पहले सिहावा थाने में दर्ज कराई, लेकिन उसका कहना है कि उसकी बातों को पुलिस द्वारा सही तरीके से बयान में दर्ज नहीं किया गया। पीड़िता के समर्थन में यादव समाज के सैकड़ों लोग थाना सिहावा और एसडीओपी कार्यालय नगरी पहुंचे। उन्होंने महिला को न्याय दिलाने की मांग की। इस पर एसडीओपी नगरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला का दोबारा बयान दर्ज करवाया और मामले की जांच के निर्देश दिए।

यह मामला अब पुलिस और प्रशासन के संज्ञान में आ गया है और जांच प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। उधर जब हमारे प्रतिनिधि ने रेंजर से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया, तो उन्होंने महिला द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से नकारते हुए उन्हें मनगढ़ंत और झूठा करार दिया। अब देखना होगा कि जांच में सच्चाई क्या सामने आती है और क्या पीड़िता को न्याय मिल पाता है। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, वहीं समाज और प्रशासन दोनों की निगाहें निष्पक्ष जांच पर टिकी हैं।

## विद्यार्थियों ने किया पुलिस थाना, ब्लड केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण

- रूद्रेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की, मंदिर के इतिहास से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



खरतुली परिक्षेत्र साहू संघ द्वारा सर्व समाज के बच्चों के लिए आयोजित समर कैंप, कोचिंग क्लास एवं कैरियर गाइडेंस शिविर के 10वें दिन लगभग 65 विद्यार्थियों को सिटी कोतवाली धमतरी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

थाना प्रभारी ने रोजानामचा, एफआईआर दर्ज के साथ विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए पूरे थाना परिसर का भ्रमण कराया । बच्चों को बाल अपराध के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों का जवाब देते हुए पुलिस भर्ती तथा कंधे पर लगने वाले स्टार के बारे में बताया। इसके बाद बच्चे मानस ब्लड बैंक धमतरी पहुंचे। वहां की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत करने के साथ उन्हें रक्तदान हेतु प्रोत्साहित करने साहू समाज के जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने रक्तदान किया।

इस दौरान मानसिंह टंडन तथा सुनील साहू ने भी रक्तदान किया। मानस सेवा ब्लड सेंटर के संचालक मितेश कुमार साहू ने बच्चों को ब्लड बैंक लैब का भ्रमण कराते हुए होल ब्लड, पैक्स रेड सेल, प्लाज्मा, फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा, प्लेटलेट्स, सिंगल डोनर प्लेटलेट्स, सिंगल डोनर प्लाज्मा के बारे में जानकारी दी।

स्टाफ आशीष कुमार साहू, पूजा यादव, पारस निषाद, नम्रता साहू, मोनिका साहू, लीमा साहू ने भी अपने कार्यों एवं ब्लड बैंक के बारे में जानकारी दी।

इसके बाद बच्चों ने रूद्रेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मंदिर के इतिहास संबंध में जानकारी दी। सभी बच्चे भक्ति भाव से परिपूर्ण होकर अत्यंत प्रसन्नचित हुए और समाज के इस आयोजन की तारीफ की।

शैक्षणिक भ्रमण में खरतुली परिक्षेत्र अध्यक्ष ललित चौधरी, जिला महासचिव यशवंत कुमार साहू, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी गंजीर, रत्नाबांधा ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष गोपाल राम साहू, परसतराई सचिव कुलेश्वर साहू, आचार्य सेवक राम साहू, मुनेश साहू, आकाश साहू, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण पदाधिकारी के साथ लगभग 65 बच्चे उपस्थित थे।

## जल्द मिल सकती है मेडिकल कॉलेज की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम परेवाडीह में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। हाल ही में महापौर, प्रशासनिक अधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने परेवाडीह में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। यह भूमि 50 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली हुई है, जो मेडिकल कॉलेज के लिए उपयुक्त मानी जा रही है।

स्थानीय सरपंच व ग्रामीणों ने अधिकारियों का स्वागत किया और मेडिकल कॉलेज की संभावनाओं को लेकर उत्साह व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जमीन के भू-प्राकृतिक और अधोसंरचनात्मक पहलुओं का भी जायजा लिया।

महापौर ने कहा कि शहर और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को मेडिकल शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े, इसके लिए इस कॉलेज की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह पहल क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई दिशा देगी।

ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में विकास होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार और स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिलेंगी। मौके पर एसडीम पीयूष तिवारी, निगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल, तहसीलदार सूरज बंछोर, सीएस डॉ. अरुण टोडर समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुकरेल के पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे कलेक्टर, महिलाओं से की बात

- महतारी वंदन और किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में पूछा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा सुबह कुकरेल तहसील के पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में अचानक पहुंचे। यहां उन्होंने बैंक में आए लोगों और महिलाओं से बात की। कलेक्टर ने बैंक में उपलब्ध सुविधाओं और ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने शासन की योजनाओं के भुगतान आदि कामों में बैंक की भूमिका और कार्रवाई का भी फीडबैक लिया।

कलेक्टर ने बैंक में मौजूद महिलाओं से महतारी वंदन योजना की राशि खाते में आने, राशि भुगतान के लिए बैंक द्वारा त्वरित कार्रवाई करने आदि के बारे में भी पूछा। उन्होंने अपने खातों से राशि निकालने के लिए बैंक द्वारा किसी प्रकार की आना-कानी करने या देरी करने के बारे में भी उपस्थित महिलाओं से पूछा।

महिलाओं ने कलेक्टर को बताया कि उनके खातों में समय पर महतारी वंदन योजना की राशि लगातार हर महीने जमा हो रही है। श्री मिश्रा ने बैंक से जुड़ी सभी सेवाएं आसानी से समय पर लोगों को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। कुकरेल प्रवास के दौरान कलेक्टर ने खेल मैदान बनाने के लिए चयनित स्थल का भी निरीक्षण किया और जनपद पंचायत के सीईओ को इसका काम जल्दी शुरू करने को कहा। उन्होंने कुकरेल में विद्यार्थियों के लिए तैयार की जा रही लायब्रेरी का भी निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने लायब्रेरी का काम भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही विद्यार्थियों को लायब्रेरी की सुविधा मिल सके। उन्होंने नये तहसील कार्यालय माकरदोना के निरीक्षण के दौरान भवन के सामने की भूमि का शीघ्र समतलीकरण कराने के निर्देश दिए।

## नवतपा में जमकर बरसेगा बादल, गर्मी हुई फुर्र

- सप्ताह भर आंधी, बारिश, बिजली, मेघ गर्जन का चलेगा दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

**तूफानी बारिश की चेतावनी**

अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में मध्यम से तीव्र मेघ गर्जन, वज्रपात, तेज हवाएं एवं बारिश जारी रहने की संभावना है। आगामी 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री पारा गिर सकती है। शुक्रवार के लिए चेतावनी में कहा गया है कि प्रदेश के एक दो स्थानों में भारी वर्षा, मेघ गर्जन के साथ 50 से 60 किमी की रफ्तार से हवा चलेगी।

इस साल का नवतपा बारिश वाला होगा। 25 मई यानी दो दिन बाद भीषण गर्मी का समय माने जाने वाले नवतपा में जमकर आंधी-तूफान, बारिश की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो अगले एक सप्ताह तक बादल गरजने, बिजली गिरने, तूफान और बारिश जारी रहने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि अधिकतम तापमान में 10 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री की गिरावट आ गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल है। दक्षिण अरबसागर के कुछ हिस्सों, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के शेष भाग, लक्षदीप क्षेत्र, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, दक्षिण एवं मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, उत्तरी बंगाल की खाड़ी और इसी अवधि के दौरान पूर्वोत्तर राज्यो के हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून आगे बढ़ेगा। दक्षिण कोकण-गोवा तट से दूर पूर्वी मध्य अरब सागर के ऊपर निम्न दबाव वाले क्षेत्र से जुड़े चक्रवाती परिसंचरण से उत्तरी तेलंगाना तक औसत समुद्र तल से 1.5 और 5.8 किमी ऊपर द्रोणिका बनी हुई है। निम्न दबाव का क्षेत्र 27 मई के आसपास पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तरी बंगाल की खाड़ी में बनने की संभावना है।

वार्षिक आय-व्यय की जानकारी देने के साथ ही सामाजिक प्रकरणों का किया निराकरण

# साहू समाज ने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



लिमतरा परिक्षेत्र साहू समाज ने हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्तर की परिक्षा में पूरे परिक्षेत्र में विशिष्ट स्थान बनाने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान किया। वार्षिक आय-व्यय की जानकारी दी। सामाजिक प्रकरणों पर विचार मंथन किया। चुनुराम साहू, हंसराज साहू की अध्यक्षता तथा अवनेंद्र साहू जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में मां कर्मा की पूजा-अर्चना कीगई। किशोर साहू, मेवालाल साहू, तरुण साहू एवं हंसराज साहू ने सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी। अवनेंद्र साहू ने सामाजिक कुरीतियों, फिजूलखर्ची विवाह एवं समर कैंप के बारे में बताया। उन्होंने होनहार छात्र-छात्राओं को आगे की पढ़ाई- लिखाई के लिए समाज से सहयोग करने की बात कही। पूरे परिक्षेत्र में कक्षा बारहवीं में प्रथम लक्ष्मी, द्वितीय लिखेंद्र तथा तृतीय तुषार साहू रहे। अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक पाने वालों में तृप्ति, भावना, प्रेरणा, प्रियंका, लेखराज, नम्रता तथा जयप्रकाश रहे। कक्षा दसवीं में प्रथम पायल द्वितीय दुलार तथा तृतीय धारिणी रही। अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक पाने वालों में पूजारानी, मयंक, साधना, पुष्पलता, अनीता, स्वाति,कुणाल, गौरव, दामिनी, प्रयांश, साहिल एवं तेजशवरी रही।

सभी प्रतिभावान बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं राशि दी गई। कुछ सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। मौके पर गुलाब साहू, निर्मल साहू , रेणुका साहू, हेमलता, पूर्णिमा बनपेला, भुनेशवरी साहू, ईशवरी साहू, सावित्री, तुलेशवर, मोतीलाल साहू शिक्षक, चुनुलाल, श्रवण, लक्ष्मण, बंशीलाल, भागवत, राजाराम, चिरौंजीलाल, पन्नालाल, दिनेश साहू, गोवर्धन, भीमराज, छन्नूलाल, अनिल बनपेला, करण साहू, अमरदास, कार्तिक, घनश्याम, कोमल, ओमप्रकाश, खिलेंद्र, इंदल, चेमनलाल, ताराचंद साहू, मिलनराम, छेदन बिरझू, परसराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानानंद साहू सचिव ने किया। यह जानकारी घनश्याम सिंह साहू अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ ने दी।

## चित्रकला, ड्राइंग, पेंटिंग के गुर सीखे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत बिरेतरा में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को चित्रकला, ड्राइंग, पेंटिंग व खेल-खेल में कहानी, संगीत की शिक्षा दी गई। समापन दिवस पर बच्चों द्वारा गीत, भाषण, डांस का आयोजन किया गया।

मौके पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से गगन, प्राथमिक शाला बिरेतरा के प्रधानपाठक धर्मेंद्र साहू, राजेंद्र साहू महामंत्री जिला साहू संघ धमतरी युवा प्रकोष्ठ, मनीष साहू उपसरपंच, श्रीमती संजु साहू पंच, कामिनी साहू पंच मनोज सेन पंच, सोना बाई, गोदावरी यादव, कविता साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों को जैव विविधता की दी जानकारी

**धमतरी।** 23 मई को विश्व जैव विविधता पर हाथी मित्र प्रेम शंकर चौबे एवं वैभव जगने ने हाथियों का संरक्षण करने का संकल्प लिया एवं ग्रामों में जाकर जैव विविधता के बारे में लोगों को समझाया।

### भजन के साथ चालीहा महोत्सव प्रारंभ





**धमतरी।** स्वामी टेऊंरामनगर स्थित श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में प्रेम प्रकाश मण्डल के आचार्य स्वामी टेऊंराम महाराज के 139 वें जन्मोत्सव पर 41 दिवसीय चालीहा महोत्सव का प्रारम्भ हुआ। प्रथम दिवस गुरु भक्तों में काफी उत्साह रहा। प्रेम प्रकाश मण्डल के अध्यक्ष स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने अपनी विदेश यात्रा के दौरान धमतरी के संत लोकेश के माध्यम से सन्देश भेजा है। 9.30 बजे से 10.30 बजे तक आयोजित चालीहा महोत्सव में रायपुर के ओमप्रकाश ने भजन प्रस्तुत किया। गुरु बाबा की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

### सुशासन तिहार पर जिला स्तरीय इवेंट आज




**धमतरी।** सुशासन तिहार के अवसर पर शासकीय योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने और जानकारियां अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए धमतरी शहर में 23 मई को मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा भी शामिल होंगे। जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाला यह कार्यक्रम शहर के मकई गार्डन में शाम साढ़े 6 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में मनोरंजक गतिविधियों के साथ शासकीय योजनाओं से संबंधित क्विज, प्रश्नोत्तरी, खेल आदि प्रतियोगिताएं भी होंगी। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मौके पर ही इनाम भी दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम में आमजन भी नृत्य, गायन, कविता पाठ जैसी विधाओं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में राज्य शासन के सुशासन तिहार के दौरान लाभान्वित हुए हितग्राहियों को भी आमंत्रित किया गया है। यह सभी हितग्राही शासकीय योजनाओं के अपने अनुभवों को भी लोगों के साथ साझा करेंगे और दूसरे लोगों को भी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित करेंगे।

- मकई गार्डन में होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं, विजेताओं को मिलेंगे इनाम

## शहरी नागरिकों ने कहा : धमतरी के विकास के लिए सदर का चौड़ीकरण जरूरी

# कलेक्टर साहब, सदर मार्ग के जाम से मुक्ति दिलाएं

- तीन किमी के फासले में दर्जनों स्थानों पर लगता है जाम, संकरा मार्ग में व्यापार हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पिछले 40 साल से सदरबाजार मार्ग का कायाकल्प नहीं हुआ है। बल्कि यह रास्ता अब संकरी गली बनता जा रहा है। व्यापार व्यवसाय चौपट हो रहा है। रामबाग से गोलबाजार तक दर्जनों स्थानों पर घंटों जाम लगता है। वाहनों की संख्या बढ़ने से सदरबाजार में रेलमपेल की स्थिति बनती है। नागरिकों द्वारा व्यापारियों से चर्चा कर चौड़ीकरण किया जाए।

शहरी नागरिक अधिवक्ता सौरभ मिश्रा, सचिन जाचक, व्यवसायी सलज अग्रवाल, राजेश साहू, अमृत साहू, खगेन्द्र कुटारे, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, सामाजिक कार्यकर्ता अवनेन्द्र साहू, कृष्णा हिरवानी, पूर्व पार्षद दुष्यंत घोरपड़े का कहना है कि शहर के सदरबाजार के समकक्ष रूद्री रोड, रायपुर रोड, सिहावा रोड, गंगरेल रोड, बिलाई माता रोड आदि का चौड़ीकरण कर कायाकल्प किया जा चुका है। 30-40 साल से सदरबाजार ज्यों का त्यों है बल्कि एक अर्से के बाद संकरी गलियों में तब्दील होता जा रहा है। वाहनों की संख्या बढ़ रही है। लोग बाइक और कार में सवारी करना पसंद कर रहे हैं। सदर मार्ग में वाहनों के प्रवेश होते ही जाम की स्थिति बन जाती है। इमरजेंसी यात्री को घंटों रूकना पड़ता है। व्यापार व्यवसाय कमजोर हो गया है। पार्किंग की सुविधा नहीं होने से ग्राहक अब आउटर में खरीदी कर लेते हैं। नागरिकों की मांग पर हर बार चौड़ीकरण का आदेश आया। नापजोख होते ही अधिकारी के पास काम रोकने का आदेश ऊपर से आ जाता है। ऐसा कई बार हुआ है, फाइल बनी और फाइल पेंडिंग में चली गई। अब तो व्यापारियों को ही कायाकल्प के लिए सामने आना होगा।

नागरिकों का कहना है कि धमतरी के विकास के लिए सदर के चौड़ीकरण की आवश्यकता है। पार्किंग बनाने के साथ, अनावश्यक सामान बाहर न निकालें, बड़े वाहनों को कुछ समय के लिए प्रतिबंधित रखें। ट्रेफिक पुलिस की सतत निगरानी हो। चौड़ीकरण के बाद सदर की खूबसूरती निखर कर सामने आएगी। व्यापार बढ़ेगा। प्रशासन और व्यापारियों की आपसी तालमेल से चौड़ीकरण होना चाहिए। चौड़ीकरण अब समय की मांग है। प्रभावित नागरिकों को उचित मुआवजा देकर भूमि अधिग्रहण करें। व्यापारी को भी सदर के कायाकल्प के लिए त्याग देना होगा। जुलूस, रैली, शोभायात्रा, बारात रात्रि 9 बजे के बाद आयोजित हो, कामर्शियल वाहन सुबह 12 से 5 बजे तक प्रतिबंधित हो। अतिक्रमण हटाया जाए। राजनीति के चलते सदर विकास रूक गया।

## निगम की काऊ कैचर टीम ने रात में पकड़े मवेशी



एनएच में लावारिस विचरण करने वाले 14 मवेशियों को कांजी हाउस पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

निगम की काऊ कैचर टीम ने नेशनल हाईवे मार्ग में अर्जुनी चौक से अम्बेडकर चौक तक रात में अभियान चलाकर लावारिस घूम रहे 14 मवेशियों को पकड़कर अर्जुनी स्थित कांजी हाउस पहुंचाया। रात्रि में 4 घंटे के अभियान में जब्ती के माध्यम से मवेशियों को पकड़ा। इस दरम्यान टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ स्थानों पर मवेशी मारने दौड़ाए तो कुछ जानवरों ने तेज भागकर टीम को खूब छकाया।

टीम के सदस्य सुनील सालुंके, चैतन्य सिंह चंदेल, श्यामू सोना, बंशी दीप, गोविंद पात्रे, कुश, दीपक खिलाड़ी, सुरेन्द्र गुप्ता, तारकेश्वर साहू, अज्जु ने बताया कि आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश व उपायुक्त पीसी सार्वा के मार्गदर्शन में मवेशी पकड़ने का अभियान जारी है।

शहर के गली, मोहल्ले, वार्डों एवं नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे मार्ग में खुले में विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ा जा रहा है जो यातायात में बाधक बनते हैं। बुधवार की रात्रि 4 घंटे की मशक्कत के बाद 14 मवेशियों को जाली के सहारे पकड़ा गया।

## कॉलेज छात्रों ने जाना आयुर्वेद का महत्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत केरल निवासी एवं आयुर्वेदिक विषेशज्ञ डी. मोहन कुमार नायकर द्वारा आयुर्वेद के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में व्याख्यान दिया गया।

श्री नायकर ने पंचतत्व, योग मुद्रा एवं सही खाद्य पदार्थो का सही तरह से उपयोग तथा उसकी जानकारी प्रदान की। मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिये अपने शारीरिक देखभाल हेतु जागरुक रहने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न योग मुद्राओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इसे मात्र दो मिनट करने से शारीरिक एवं मानसिक रुप से व्यक्ति स्वस्थ होगा एवं उसकी प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होगी।

साथ ही केरल राज्य में पायी जाने वाली महत्वपूर्ण औषधि पार्थीमुगम के बारे बताया कि इससे उच्च एवं निम्न रक्तचाप, डाई बिटिज, रक्त शुद्धि, पाचन जैसी बीमारियां दूर हो सकती हैं। कार्यक्रम में प्रो. आरआर मेहरा, अविरल तिवारी, सौरभ पाण्डे, प्रमोद चौरे, हर्षद कुमार, सीता नेताम, रवि कोसरे, विजय नेताम, श्रीमती धानबाई, श्रीमती शांतिबाई सहित 20 विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विद्यार्थी जीवन में अनुशासन अति आवश्यक : तिवारी



- साहू समाज के समर कैंप में टीआई ने शिक्षार्थियों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



निः शुल्क ग्रीष्मकालीन शैक्षिक शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में 8वीं से 12 वी के सभी विद्यार्थियों व नवोदय विद्यालय की तैयारी के लिए 1 से 7 जून तक परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा लगाया जा रहा है। जिसमें शिरकत कर भखारा थाना प्रभारी उमाकांत तिवारी ने शिक्षार्थियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया।

श्री तिवारी ने बताया कि पुलिस व विद्यार्थी जीवन में अनुशासन सर्वोपरि है। अनुशासन में रहकर यदि व्यक्ति किसी भी काम में मन लगाकर मेहनत करें तो सफलता उसके कदमों में होगी। बड़ा उद्देश्य रखकर उन्हें पाने के लिए जी-जान से कोशिश करने की बात कही। उन्होंने बताया कि एक अच्छे पुलिस अफसर बनने के लिए स्वस्थ शरीर, फिटनेस और अच्छी नॉलेज की आवश्यकता है। आप पीएससी व विभिन्न चयन परीक्षाओं के माध्यम से सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर, डीएसपी, एसपी जैसे बड़े पुलिस अफसर बनकर देश व समाज की रक्षा, सेवा कर सकते हैं।

इस अवसर पर सरपंच अनिल राव, गिरधारी साहू शिक्षक, चोवाराम साहू सचिव, भोलाराम साहू संरक्षक, चमन लाल उपाध्यक्ष, दयालुराम साहू प्राचार्य, सविता गंजीर संयोजक, लिकेश साहू, छत्रसेन साहू, रवि सेन, डावीण साहू, मिलेश साहू, लोकेश साहू, गोपाल साहू, लोकेश सिन्हा व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### यातायात नियमों का पालन करें

थाना प्रभारी ने बच्चों को साइबर क्राइम से बचने मोबाइल इत्यादि में मजबूत पासवर्ड रखने, बैंक या पुलिस किसी भी व्यक्ति को कभी फोन लगाकर जानकारी नहीं पूछता है अतः किसी को भी अपनी गोपनीय जानकारी शेयर न करें। यातायात नियमों का पालन करें। नाबालिग वाहन नहीं चलाएं। लायसेंस लेकर वाहन चलाएं। सीट बेल्ट लगाने, मोटर साइकिल चलाते वक्त हेलमेट लगाएं। तीन सवारी या मालवाहक गाड़ी में सवारी न बिठाने को कहा। इससे अक्सर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने व जल्द से जल्द पुलिस को सूचित करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

## डुबान संघर्ष समिति ने महापौर से की मुलाकात




- रोजगार की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गंगरेल बांध के डूब प्रभावित परिवारों के सदस्यों द्वारा गठित डुबान संघर्ष समिति और युवा बेरोजगार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नगर महापौर रामू रोहरा से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने बांध परियोजनाओं से प्रभावित युवाओं को जिला स्तर पर रिक्त पदों में प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि समिति के सदस्य बीते दो दिनों से गांधी चौक मैदान में धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि विकास की कीमत पर प्रभावित हुए परिवारों के युवाओं को रोजगार से वंचित किया जाना अन्यायपूर्ण है। महापौर ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को संबंधित विभागों एवं उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और यथासंभव कार्रवाई की जाएगी।

## महापौर की दो टूक

# डेयरी संचालकों को चयनित स्थल में जाना होगा

- ननि में डेयरी संचालकों की हुई बैठक, गोकुल नगर बसाने का काम 10 वर्षों से अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर में मवेशियों की वजह से हो रही दुर्घटना को देखते हुए महापौर ने डेयरी संचालकों को दो टूक में कहा है कि उन्हें चिन्हांकित जगह में अपनी डेयरी का व्यवसाय ले जाना होगा। निगम द्वारा सभी सुविधाएं दी जाएगी। इसके बाद डेयरी संचालक और अधिकारी स्थल निरीक्षण के लिए निकल गए। इसके बाद ही संचालकों का निर्णय आएगा।

गोकुल नगर बसाने का काम लगभग 10 वर्षों से पेंडिंग पड़ा हुआ है। डेयरी संचालकों के शहर में रहने से कई बार मवेशियों की वजह से हादसे भी होते हैं। इसके अलावा नालियां जाम होती हैं। वार्ड में गंदगी भी फैलती है। इन सभी चीजों को देखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा डेयरी संचालकों को बार-बार शहर से बाहर गोकुल नगर में बसाने की बात कही जाती थी। पूर्व में सोरम में जगह चिन्हांकित की गई थी जहां पर लाखों खर्च भी हुए थे। लेकिन वहां पर चट्टान, गर्मी, पानी की अनुपलब्धता सहित कई समस्याओं को देखते हुए डेयरी संचालक शिफ्ट नहीं हुए। इसके बाद कई बैठकों का दौर भी चला, लेकिन कोई निर्णय नहीं निकल पाया था। 22 मई गुरुवार को डेयरी संचालकों की नगर निगम में एक बड़ी बैठक हुई जिसमें नगर निगम ने अपने सारे एजेंडा बता दिए कि किस प्रकार की सुविधा वहां पर उपलब्ध कराई जाएगी। इसी बीच एक डेयरी संचालक ने आवेदन देते हुए कहा कि पूर्व में सोरम भटगांव में जगह का चयन किया गया था जो उपयुक्त नहीं था। अर्जुनी, श्यामतराई, मुजगहन, लोहरसी में भी सरकारी जमीन है, उसे दी जाए। इस आवेदन पर महापौर ने नाराजगी जताई। इसके बाद संचालक और अधिकारी स्थल निरीक्षण के लिए निकल गए। बैठक में आयुक्त प्रिया गोयल, उपयुक्त पीसी सार्वा, स्वास्थ्य प्रभारी निलेश लूनिया, शशांक मिश्रा, कोतवाली पुलिस, यातायात पुलिस आदि मौजूद थे।

### क्या कहते हैं डेयरी संचालक

बैठक में डेयरी संचालक रामनरेश, लाल गवली, सुधु, रामकिशन ग्वाल, बॉबी सरदार, कन्हैया ग्वाल, मदन कौशिक, शुभम ग्वाल, राजू गवली, सोनू सहित बड़ी संख्या में डेयरी संचालक उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि महापौर ने नया स्थल के बारे में बताया है। वहां जाकर के देखने के बाद ही पता चलेगा। हम चाहते हैं कि वहां पर सभी सुविधा हो। शेड बना कर दिया जाए, पानी की उपलब्धता हो, टांका बनाकर दिया जाए, बिजली सहित सभी सुविधाएं वहां पर उपलब्ध होनी चाहिए।

### दी जाएगी सभी सुविधाएं : रामू

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि सोरम के आगे नया स्थल चयन किया गया है जहां पर ठंडकता भी है, जानवरों के लिए घास भी उपलब्ध है। पानी भी पर्याप्त है। वहां पर स्पष्ट कह दिया गया है कि आपको वहां पर जाना है जो आप सुविधा बोलेंगे वह हम देंगे।

## राजीव गांधी ने रखी पंचायती राज की नींव



- ब्लॉक कांग्रेस भखारा ने पूर्व प्रधानमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, आधुनिक भारत के निर्माता स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा ने देश के विकास में उनके योगदान को याद किया। राजीव भवन भखारा में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सभापति गोविन्द साहू ने राजीव गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि राजीव जी ने पंचायती राज की नींव रखी और गांव के लोगों को अपने गांव के विकास के लिए प्रतिनिधि चुनने के लिए सुनहरा अवसर दिया। निश्चित ही यह कार्य आज के भारत के विकास की नींव है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने राजीव जी की शहादत को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता और देश में छिपे आतंकवादियों से और सावधान रहने की आवश्यकता है।

मौके पर पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष भरत नहर, पूर्व जनपद सदस्य संतोष साहू, पार्षद अविनाश गौर, मेघनाथ साहू, डॉ हरदेल, जोन अध्यक्ष अनिल निर्मलकर, रामरतन साहू, युकां अध्यक्ष पुखराज साहू, उपध्यक्ष लेखराम यादव, बालेश्वर साहू उपस्थित थे।

## फरसियां से महामाया मंदिर तक निकली जागरुकता रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महानदी अवेकिंग अभियान मां के तहत सुबह फरसियां गांव से महामाया मंदिर तक जागरूकता रैली निकाली गई। एसडीएम प्रीति दुर्गम के साथ राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों, फरसियां के ग्रामीणों ने इस रैली में शिरकत की। रैली में शामिल लोगों ने महानदी को बचाने श्रमदान कर साफ-सफाई करने से लेकर क्षेत्र को दूसरी सुविधाओं से भी विकसित करने पर जोर दिया। इस दौरान लोगों ने महानदी उद्गम स्थल और उसके आसपास के क्षेत्र को जल संरक्षण तथा पर्यटन के लिए विकसित करने की जिला प्रशासन की योजना की तारीफ की और उसके लिए पूरा जनसहयोग करने की बात कही। रैली में शामिल लोगों ने महानदी और नगरी-सिहावा क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक महिमा को उजागर करने वाले नारे लगाए।

## ग्रीष्मकालीन जल व्यवस्था पर अधिकारियों से किया मंथन

# पानी की समस्या की शिकायत पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी

- जल सभापति अखिलेश सोनकर ने मीटिंग लेकर की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर निगम के जल विभाग में विभागीय अध्यक्ष अखिलेश सोनकर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए शहरवासियों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना था। बैठक में जल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अध्यक्ष अखिलेश सोनकर ने ग्रीष्मकाल में पानी की बढ़ती मांग और संभावित समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने विभाग के सभी ज़िम्मेदार अधिकारियों से क्षेत्रवार रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इस दौरान यह सामने आया कि कुछ क्षेत्र में पानी की आपूर्ति अस्थिर है, जिस पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

श्री सोनकर ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में पानी की एक-एक बूंद कीमती है। विभाग को इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा और जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जल टंकियों की नियमित सफाई, मोटरों की समय पर मरम्मत, पाइपलाइन लीकेज की तत्काल मरम्मत और पेयजल वितरण की समय-सारिणी का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि किसी क्षेत्र में पानी की समस्या की शिकायत लापरवाही के कारण सामने आती है, तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने टैंकरों की व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं और ज़मीनी स्तर पर आ रही दिक्कतें भी साझा कीं। श्री सोनकर ने हर सुझाव को गंभीरता से लेते हुए यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020